


# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

RNI No.- UPHIN/25/A4228

भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त


## खुदकुशी करने वाली तीन बहनों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट

### 80 फीट से गिरीं, टूटीं सभी पसलियां, लिवर-गुर्दा और दिल फटे



गाजियाबाद। 80 फीट की ऊंचाई से गिरकर जान देने वाली तीन बहनों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आ गई है। रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि ऊंचाई से गिरने के कारण तीनों बहनों की सभी पसलियां टूट गई थीं और दिल, लिवर व गुर्दे समेत अंदरूनी अंग फट गए थे। अत्यधिक खून बहने (हैमरेज) के कारण तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सकों के अनुसार, दूसरी बहन प्राची के सिर की हड्डी नहीं टूटी थी। डॉक्टरों का कहना है कि यदि उसे समय पर तत्काल चिकित्सा सहायता मिल जाती, तो उसकी जान बचाई जा सकती थी। रिपोर्ट में यह भी स्पष्ट किया गया है कि किसी भी बहन के शरीर पर पुराने घाव या किसी प्रकार की पूर्व चोट के निशान नहीं पाए गए हैं। बड़ी बहन निशिका के पेट में केवल 50 ग्राम भोजन मिला, जिससे संकेत मिलता है कि उसने दोपहर बाद कुछ नहीं खाया था। वहीं प्राची और पाखी के पेट में 250 से 300 ग्राम तक भोजन मिला, जिससे अनुमान लगाया गया कि दोनों ने रात का खाना खाया था। पोस्टमार्टम तीन डॉक्टरों के पैनल द्वारा किया गया, जिसमें एसीएमओ डॉ. अमित विक्रम, पीएससी के डॉ. नीरज और महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. संगीता शामिल थीं। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटील ने बताया कि ऊंचाई से गिरने के कारण शरीर के महत्वपूर्ण अंगों को गंभीर क्षति पहुंची, जिससे अत्यधिक रक्तस्राव हुआ और इसी कारण तीनों बहनों की मौत हो गई।

**सुसाइड नोट से जुड़े नए सवाल**

पुलिस को मौके से आठ पन्नों का सुसाइड नोट भी मिला है। इसमें उल्लेख है कि किशोरियां अपनी सबसे छोटी बहन देबू को उसके कोरियन दोस्तों से बातचीत कराने में मदद करती थीं। अब पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि तीनों बहनों ने कोरियन दोस्त कैसे बनाए और किस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए बातचीत होती थी। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और डिजिटल एंगल से भी सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है।

## मेघालय खदान हादसा

### बढ़ सकता है मृतकों का आंकड़ा, कई लोगों के फंसे होने की आशंका; 24 घंटे बाद भी रेस्क्यू जारी



शिलांग। मेघालय के पूर्वी जयंतिया हिल्स जिले में कोयला खदान में हुए भीषण विस्फोट के बाद हालात गंभीर बने हुए हैं। हादसे के 24 घंटे बाद भी बचाव एवं राहत अभियान जारी है। अब तक 18 शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि कई और मजदूरों के खदान में फंसे होने की आशंका जताई जा रही है। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। यह हादसा मिसिंगेट-थांग्स्को इलाके की एक कोयला खदान में हुआ, जहां डायनामाइट विस्फोट के चलते खदान में काम कर रहे श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गई। गुरुवार शाम अंधेरा होने के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन रोकना पड़ा था, जिसे शुक्रवार सुबह दोबारा शुरू किया गया। पुलिस महानिदेशक आई. नोंगरांग ने बताया कि बचाव दल लगातार तलाशी अभियान में जुटे हुए हैं, लेकिन विस्फोट के समय खदान के अंदर मौजूद मजदूरों की सही संख्या अभी तक स्पष्ट नहीं हो सकी है। इस वजह से और लोगों के फंसे होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री कार्यालय (PMO) की ओर से प्रत्येक मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि और घायलों को 50 हजार रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की गई है। मुख्यमंत्री कोनराड के. संगमा ने भी घटना पर शोक जताते हुए मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं। पूर्वी जयंतिया हिल्स के पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि घटनास्थल से अब तक 18 शव निकाले जा चुके हैं। पुलिस के मुताबिक राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (NDRF), राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (SDRF) और विशेष बचाव दल (SRT) की टीमें मौके पर तैनात हैं।

## विमानन क्षेत्र पर बड़ा खुलासा: आधे से ज्यादा विमानों की जांच में मिली तकनीकी खामी, लोकसभा में दी जानकारी



देश के विमानन क्षेत्र को लेकर लोकसभा में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। सरकार द्वारा पेश किए गए आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, भारतीय एयरलाइंस के जिन विमानों की तकनीकी जांच की गई, उनमें से आधे से अधिक विमानों में बार-बार तकनीकी खामियां पाई गई हैं। सरकार ने बताया कि पिछले साल जनवरी से अब तक छह प्रमुख एयरलाइंस के कुल 754 विमानों की विस्तृत तकनीकी जांच और विश्लेषण किया गया। इनमें से 377 विमानों में बार-बार तकनीकी खराबी सामने आई है, जो यात्रियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े करता है। आंकड़ों के मुताबिक, इस सूची में एयर इंडिया ग्रुप सबसे आगे है जिसके करीब 72 प्रतिशत विमानों में तकनीकी दिक्कतें दर्ज की गई हैं। वहीं, इंडिगो के भी कई विमानों में खामियां पाई गई हैं। विमानन मंत्रालय ने लोकसभा को बताया कि नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (DGCA) ने एयरलाइंस पर निगरानी और सख्त कर दी है।

## AIMIM Vs BJP: UGC नियमों को लेकर ओवैसी का मोदी सरकार पर हमला,

### कहा- सरकार जातिगत भेदभाव दूर करने में रही नाकाम



हैदराबाद। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (UGC) रेगुलेशन, 2026 को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर जोरदार हमला बोला है। ओवैसी ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार उच्च शिक्षा में जातिगत भेदभाव को रोकने में पूरी तरह विफल रही है। तेलंगाना के भैंसा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए ओवैसी ने कहा कि प्रधानमंत्री खुद को पिछड़े वर्गों का बड़ा नेता बताते हैं, लेकिन उनकी सरकार भेदभाव रोकने से जुड़े नियमों को सुप्रीम कोर्ट में प्रभावी ढंग से बचाने में असफल रही। उन्होंने कहा कि यूजीसी के ये नियम शिक्षण संस्थानों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों के साथ होने वाले भेदभाव को रोकने के लिए बनाए गए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार यह भी स्पष्ट नहीं कर पाई कि हैदराबाद सेंट्रल यूनिवर्सिटी के छात्र रोहित वेमुला की मौत क्यों हुई या महाराष्ट्र में एक आदिवासी डॉक्टर की मौत के मामले में क्या कार्रवाई हुई। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने UGC रेगुलेशन, 2026 पर रोक लगाई है। इन नियमों के तहत कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में एससी, एसटी और ओबीसी छात्रों की शिकायतों के निपटारे के लिए विशेष समितियां और हेल्पलाइन बनाने का प्रावधान था। हालांकि, कुछ वर्गों ने इन नियमों को लेकर आपत्ति जताई थी और इसे कथित तौर पर सामान्य वर्ग के खिलाफ भेदभाव बताया गया था। ओवैसी ने तेलंगाना में होने वाले नगर पालिका चुनावों को लेकर भी भाजपा और कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि दोनों दलों के बीच एआईएमआईएम को कमजोर करने के लिए गुप्त समझौता हुआ है।

## US- Iran Nuclear Talks

### परमाणु पर आर-पार के मूड में खामेनेई और ट्रंप! सैनिक तैनात



मस्कट/वॉशिंगटन। अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु कार्यक्रम को लेकर ओमान में चल रही उच्चस्तरीय वार्ता पर पूरी दुनिया की नजर टिकी हुई है। इस बीच ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई और पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सख्त रुख के चलते हालात और भी तनावपूर्ण होते नजर आ रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, दोनों देशों ने रणनीतिक इलाकों में सैन्य तैनाती बढ़ा दी है, जिससे यह संकेत मिल रहा है कि बातचीत के साथ-साथ दबाव की राजनीति भी तेज हो गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यह वार्ता सफल नहीं होती है, तो पश्चिम एशिया में हालात और बिगड़ सकते हैं। राजनयिक जानकारों के अनुसार, वार्ता विफल होने की स्थिति में ईरान पर नए प्रतिबंध, सैन्य तनाव में बढ़ोतरी और क्षेत्रीय अस्थिरता का खतरा बढ़ सकता है। हालांकि, दोनों पक्षों के कड़े बयान और सैन्य तैयारियों के बीच यह सवाल बना हुआ है कि क्या यह वार्ता किसी ठोस समझौते तक पहुंचेगी या फिर यह एक और असफल कूटनीतिक कोशिश बनकर रह जाएगी।अंतरराष्ट्रीय समुदाय की निगाहें इस वार्ता पर टिकी हैं,

# Aaj Ka Rashifal 6 February

## इन चार राशि वालों को मिलेगा भाग्य का साथ और मिल सकती है अच्छी खबरें

6 February Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 6 फरवरी 2026 का राशिफल।आज 06 फरवरी को 2026 को फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि है। फाल्गुन माह के इस तिथि पर हस्त नक्षत्र और धृति योग का संयोग बन रहा है  दिन के शुभ मुहूर्त की बात करें तो शुक्रवार को अभिजीत मुहूर्त 12:13-12:57 मिनट तक रहेगा।



### मेष

आज का दिन वैवाहिक जीवन जी रहे लोगों के लिए सुखद रहने वाला है। जीवनसाथी के साथ तालमेल अच्छा रहेगा और रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। समाज या कार्यक्षेत्र में आपको सम्मान की प्राप्ति हो सकती है, जिससे आत्मविश्वास में भी इजाफा होगा। संतान की किसी छोटी-सी फरमाइश को पूरा करके आप उन्हें खुश कर सकते हैं, जिससे घर का माहौल और भी खुशनुमा बनेगा। आज परिवार के सभी सदस्यों के साथ सामंजस्य बनाकर चलना बेहद जरूरी है, इसलिए यदि किसी की कोई बात आपको बुरी लगे, तो उसे दिल से न लगाए और बात को वहीं खत्म कर दें। वाहन चलाते समय विशेष सावधानी रखें, क्योंकि जरा-सी लापरवाही नुकसान का कारण बन सकती है।

### वृषभ

आज आपका मन दान-पुण्य और धर्म-कर्म के कार्यों में अधिक लगेगा। किसी जरूरतमंद की सहायता करके आपको आत्मिक संतोष की अनुभूति होगी। हालांकि पैतृक संपत्ति से जुड़ा कोई मामला आपको थोड़ा मानसिक तनाव दे सकता है। शारीरिक परेशानियों को नजरअंदाज करना आज भारी पड़ सकता है, इसलिए समय रहते अपनी सेहत का ध्यान रखें। यदि आप किसी नए काम की शुरुआत करने का मन बना रहे हैं, तो यह आपके लिए शुभ रहेगा, लेकिन धन निवेश करते समय अपनी आर्थिक स्थिति का सही आकलन अवश्य करें। व्यवसाय पहले से बेहतर चलेगा और जीवनसाथी हर कदम पर आपके साथ खड़े नजर आएंगे जिससे कठिन परिस्थितियां भी आसान लगेंगी।

### मिथुन

आज का दिन भाग्य की दृष्टि से आपके लिए अनुकूल संकेत दे रहा है। धर्म और आध्यात्म से जुड़ी गतिविधियों में आपकी रुचि बढ़ेगी और मन को शांति मिलेगी। छोटे बच्चों के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा, जिससे आप अपनी व्यस्त दिनचर्या से थोड़ा सुकून पा सकेंगे। आज वाणी और व्यवहार में संयम बनाए रखना आपके लिए बेहद जरूरी है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपके रुके हुए काम पूरे होंगे और किसी सरकारी योजना का आपको पूरा लाभ मिल सकता है। पिता जी की किसी बात को लेकर मन थोड़ा आहत हो सकता है, लेकिन उसे समझदारी से सुलझाने की कोशिश करें। व्यवसाय में किसी बड़े फेरबदल से फिलहाल बचें, नहीं तो बना हुआ काम बिगड़ सकता है।

### कर्क

आज आपके सुख-साधनों में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में आपको अनुभवी और समझदार लोगों का मार्गदर्शन मिलेगा, जिससे काम करने में न केवल आसानी होगी बल्कि मन भी लगा रहेगा। हालांकि जल्दबाजी में लिया गया कोई फैसला परेशानी का कारण बन सकता है। किसी जरूरी काम के लिए दूसरों पर ज़्यादा निर्भर रहना भी नुकसानदेह हो सकता है। अच्छी बात यह है कि कार्यक्षेत्र में आपको मनपसंद जिम्मेदारी मिल सकती है, जिससे आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। जो लोग सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे हुए हैं, उन्हें आज कोई शुभ समाचार सुनने को मिल सकता है।

### सिंह

आज का दिन आपको अपने बढ़ते खर्चों पर नियंत्रण रखने की सीख दे रहा है। कुछ लोग आपकी सफलता से जलन महसूस कर सकते हैं और आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश भी कर सकते हैं, इसलिए सतर्क रहना आवश्यक है। अपनी आय को ध्यान में रखकर खर्च करेंगे, तो आर्थिक संतुलन बना रहेगा। यदि कोई शारीरिक समस्या लंबे समय से परेशान कर रही थी, तो अब उसे गंभीरता से लेने का समय आ गया है। अपनी आर्थिक स्थिति पर नजर रखें और अनावश्यक जोखिम से बचें। आज धर्म-कर्म और पूजा-पाठ में मन लगेगा, जिससे मानसिक शांति मिलेगी।

### कन्या

आज का दिन आय में वृद्धि के संकेत लेकर आया है। परिवार में किसी नए सदस्य के आगमन की खुशखबरी मिल सकती है, जिससे घर में उत्साह का माहौल बनेगा। आप किसी मनोरंजन से जुड़े कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। प्रेम जीवन में जुड़े लोगों को अपने साथी की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए और कोई भी ऐसी बात कहने से बचना चाहिए, जिससे उन्हें ठेस पहुंचे। नए लोगों से मुलाकात होगी, जो आगे चलकर आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। घूमने-फिरने की योजना भी बन सकती है। काम को लेकर किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह मिले, तो उस पर अमल करना आपके लिए लाभकारी रहेगा।

### तुला

आज आपके अधिकांश काम समय पर पूरे होंगे, जिससे मन में संतोष और खुशी बनी रहेगी। व्यापार में यदि कोई डील लंबे समय से अटकी हुई थी, तो उसके फाइनल होने की संभावना है। हालांकि किसी दूर रहने वाले परिजन से कोई निराशाजनक खबर मिल सकती है, जिससे मन थोड़ा उदास रहेगा। कार्यक्षेत्र में दूसरों की गलतियां निकालने की बजाय अपने काम पर ध्यान दें। यदि आपने किसी को धन उधार दिया था, तो उसके वापस मिलने के योग बन रहे हैं। यात्रा या घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है, जो भविष्य में आपके काम आएगी।

### वृश्चिक

आज आपको अपने कामों को टालने की आदत से बचना होगा, क्योंकि देर करने से नुकसान हो सकता है। करियर से जुड़ी जो परेशानियां चल रही थीं, वे अब धीरे-धीरे दूर होती नजर आएंगी। आपकी सूझबूझ और पहले से बनाई गई योजनाएं आज आपके बहुत काम आएंगी। किसी दूर रह रहे परिजन से शुभ समाचार मिल सकता है। परिवार के वरिष्ठ सदस्यों के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा, जिससे आपसी समझ और भावनात्मक जुड़ाव और गहरा होगा।

### धनु

आज का दिन व्यस्तता से भरा रहेगा, लेकिन यह व्यस्तता आपके लिए फायदेमंद सिद्ध होगी। कुछ प्रभावशाली लोगों से मुलाकात होगी, जो आगे चलकर आपके काम आ सकते हैं। आय में भी पहले से सुधार देखने को मिलेगा। दूसरों की कहीसुनी बातों पर आंख मूंदकर भरोसा करने से बचें। मन मौज-मस्ती में रहेगा, लेकिन पढ़ाई-लिखाई या जरूरी कामों के लिए भी समय निकालना जरूरी है। किसी करीबी रिश्तेदार की याद आज आपको भावुक कर सकती है।

### मकर

आज का दिन सुख और शांति से भरा रहने वाला है। वैवाहिक जीवन में चल रही परेशानियां दूर होंगी और जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। पारिवारिक मामलों को आपसी बातचीत से सुलझा लिया जाएगा। हालांकि आने वाले समय में व्यवसाय से जुड़ी कुछ समस्याएं आपको थोड़ी चिंता दे सकती हैं। यदि आप घूमने-फिरने जाएं, तो अपने कीमती सामानों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें, क्योंकि उनके खोने या चोरी होने की आशंका बनी हुई है।

### कुंभ

आज का दिन लाभदायक सिद्ध होगा। कुछ प्रभावशाली लोगों से आपकी मुलाकात होगी और काम को लेकर आप नई कोशिशें भी करेंगे। आपकी मेहनत का फल आपको अवश्य मिलेगा। शेयर मार्केट या लॉटरी में निवेश करने वालों के लिए दिन अनुकूल है, लेकिन किसी भी तरह का बड़ा जोखिम लेने से बचें, नहीं तो बाद में नुकसान हो सकता है। अपने कामों को टालने की आदत छोड़कर समय पर पूरा करें, तभी सफलता मिलेगी।

### मीन

आज का दिन आय के मामले में बेहद अच्छा रहने वाला है। एक के बाद एक खुशखबरी मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। कोर्ट-कचहरी से जुड़ा कोई पुराना मामला भी समाप्ति की ओर बढ़ सकता है। घर के रिनोवेशन या सजावट का काम शुरू हो सकता है। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम की तैयारी भी संभव है। रोजगार की तलाश में भटक रहे लोगों को आज कोई शुभ समाचार मिलने की पूरी संभावना है।

# UP News: भूकंप के झटकों से हिला गोंडा

## 3.7 रही तीव्रता, इटियाथोक के इटहिया नवीजोत में था केंद्र




यूपी के जिला गोंडा में शुक्रवार की सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। हालांकि, अभी तक किसी भी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है।शुक्रवार की सुबह गोंडा भूकंप के झटकों से हिल गया। भूकंप की तीव्रता 3.7 मापी गई। इसका केंद्र इटियाथोक क्षेत्र के इटहिया नवीजोत गांव के आसपास बताया गया है।जिला प्रशासन के अनुसार स्थिति पूरी तरह सामान्य है और कहीं से किसी नुकसान की जानकारी प्राप्त नहीं हुई है।आपदा विशेषज्ञ राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि भूकंप की तीव्रता कम होने के कारण कोई नुकसान होने की सूचना नहीं है। फिर भी प्रशासन सतर्क है और संबंधित विभागों से जानकारी ली जा रही है। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और सतर्क रहने की अपील की।

# Himachal Weather:

## हिमाचल प्रदेश में 10 और 11 फरवरी को कई क्षेत्रों में बारिश-बर्फबारी के आसार, जानें अपडेट




हिमाचल प्रदेश में शुक्रवार को कुल्लू व लाहौल में हिमखंड गिरने की लेकर चेतावनी जारी की गई है। वहीं, 10 और 11 फरवरी को अधिकांश क्षेत्रों में बारिश और बर्फबारी के आसार हैं। पढ़ें पूरी खबर...बारिश और बर्फबारी के बाद हिमाचल प्रदेश के मौसम में ठंडक बढ़ गई है। बुधवार रात को लाहौल-स्पीति के कुकुमसेरी में रात का तापमान माइनस 14.9 और ताबो में माइनस 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। प्रदेश के न्यूनतम तापमान में भी तीन से चार डिग्री की कमी दर्ज हुई है। कुल्लू व लाहौल में शुक्रवार को हिमखंड गिरने की भी चेतावनी जारी की है। इसको लेकर प्रशासन ने सैलानियों को संवेदनशील वाले क्षेत्रों की तरफ न जाने की हिदायत दी है। प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों

अन्य जगह मौसम साफ रहेगा। 10 और 11 फरवरी को प्रदेश में फिर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इस दौरान अधिकांश क्षेत्रों में बारिश और बर्फबारी के आसार हैं। वीरवार को राजधानी शिमला सहित अधिकांश क्षेत्रों में मौसम साफ रहने के साथ धूप खिली। ऊना में अधिकतम तापमान 25 डिग्री दर्ज हुआ। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार राज्य में 7 और 8 फरवरी को मौसम शुष्क रहने की संभावना है। 6 और 9 फरवरी को कुल्लू, लाहौल-स्पीति और चंबा जिला की ऊंची चोटियों पर एक-दो स्थानों पर हल्की बारिश-बर्फबारी के आसार हैं। 10 और 11 फरवरी को राज्य के सभी क्षेत्रों में बारिश-बर्फबारी की संभावना है। उधर, मौसम खुलने से कुल्लू में हालात कुछ सामान्य हुए हैं। सोलंगनाला भी सैलानियों के लिए बहाल गया है।वीरवार को बड़ी संख्या में सैलानी यहां पहुंचे। बीआरओ ने शिंकुला दर्रा बहाल कर दिया है। वीरवार को शिमला में अधिकतम तापमान 16.6, धर्मशाला में 21.1, नाहन में 20.4, सोलन में 22.0, मनाली में 11.7, कांगड़ा में 23.5 और मंडी में 22.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ।न्यूनतम तापमान : कुकुमसेरी में न्यूनतम पारा - 14.9, ताबो - 11.4, कल्पा - 2.0, मनाली - 0.7, सोलन 2.5, धर्मशाला 3.8, शिमला 5.0, ऊना 5.8, नाहन 8.9, कांगड़ा 4.5, मंडी 5.0, बिलासपुर में 6.0 डिग्री रहा।में शुक्रवार को जलाशयों से सटे मैदानी क्षेत्रों में सुबह और शाम के समय कोहरा पड़ने का पूर्वानुमान है।6 और 9 फरवरी को कुल्लू, लाहौल-स्पीति और चंबा जिला की ऊंची चोटियों पर एक-दो स्थानों पर हल्की बारिश-बर्फबारी के आसार हैं। 10 और 11 फरवरी को राज्य के सभी क्षेत्रों में बारिश-बर्फबारी की संभावना है। उधर, मौसम खुलने से कुल्लू में हालात कुछ सामान्य हुए हैं। सोलंगनाला भी सैलानियों के लिए बहाल गया है।वीरवार को बड़ी संख्या में सैलानी यहां पहुंचे। बीआरओ ने शिंकुला दर्रा बहाल कर दिया है

RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त



# पॉपकर्न कर लीजिए तैयार!

## ओटीटी के पिटारे में इस वीकएंड क्या है खास?



आज शुक्रवार 06 फरवरी को कई नई फिल्में थिएटर्स में रिलीज होने वाली हैं। वहीं, 'बॉर्डर 2' और 'मर्दानी 3' पहले से लगी हैं। लेकिन, जिन दर्शकों को वीकएंड पर थिएटर्स जाने में दिलचस्पी नहीं है या सर्द मौसम में घर बैठे ही कोई बढ़िया फिल्म-सीरीज एंजॉय करना चाहते हैं तो उनके लिए भी दिलचस्प ऑप्शन हैं। प्रभास अभिनीत फिल्म 'द राजा साब' 9 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक दे रही है। फिल्म 6 फरवरी से जियो हॉटस्टार पर उपलब्ध है। यह हॉरर कॉमेडी फिल्म है। थिएटर्स में फिल्म खास प्रदर्शन नहीं कर पाई है। क्या कमाल करती है। कपिल शर्मा अभिनीत फिल्म 'किस किस प्यार करूं 2' भी इस वीक की लिस्ट में शामिल है। यह फिल्म दिसंबर में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब इसने ओटीटी पर दस्तक दे दी है। यह फिल्म आज शुक्रवार 6 फरवरी से जियो हॉटस्टार पर उपलब्ध है।

# कपूर और यश स्टारर 'रामायण' मे विजय सेतुपति हुए





ट्विस्ट और टर्न्स हैं। शो का पूरा चकल्लस भी मौजूद है। 'भाभीजी...' को ऑडियंस हमेशा एक खास अंदाज में देखती आई है। यह फिल्म उसी दुनिया का नया रूप है। मजा वही है, तरीका नया है। बड़े पर्दे पर लाने के लिए कुछ नया दिखाना जरूरी था। कहानी मजेदार है। इसमें ट्विस्ट और टर्न्स हैं। शो का पूरा चकल्लस भी मौजूद है।भाभीजी, दोनों भैया, हप्पू सिंह, टीका, मलखान, टिल्लू, सक्सेना सभी इस फिल्म में भी हैं। रवि जी, मुकेश जी, दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ और बिजेंद्र काला जैसे कलाकार इसे और समृद्ध बनाते हैं। टीवी पर ऑडियंस जो मजा लेती है, फिल्म का अनुभव अलग है और इसे थिएटर में ही महसूस किया जा सकता है। मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि ऑडियंस का समय अच्छा बीतेगा।फिल्म 'रामायण' को नितेश तिवारी निर्देशित कर रहे हैं। इसका पहला पार्ट इस साल दिवाली पर रिलीज होगा वहीं दूसरा पार्ट अगले साल की दिवाली पर रिलीज किया जाएगा। हाल ही में फिल्म को लेकर नया अपडेट सामने आया है। फिल्म में रणबीर कपूर जहां राम भगवान का किरदार निभा रहे हैं। वहीं साउथ एक्टर यश, रावण के किरदार में नजर आएंगे। हाल ही में एक यह खबर सामने आई है कि फिल्में विजय सेतुपति भी होंगे। जानिए, वह कौन सा रोल करेंगे?मूवीज सिंगापुर की रिपोर्ट के अनुसार फिल्म 'रामायण' में विजय सेतुपति रावण के रोल भाई का रोल करेंगे वह विभीषण के रोल में दिखाई देंगे। फिल्म में यह किरदार अच्छाई का प्रतीक है। विभीषण, अपने भाई रावण के बजाय भगवान राम का साथ देते हैं। फिल्म में विजय सेतुपति यह किरदार निभाएंगे, इसे लेकर मेकर्स ने अभी तक कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की है। फिल्म 'रामायण' में रणबीर कपूर, यश के अलावा सनी देओल, रवि दुबे और साई। फिल्म का म्यूजिक एआर रहमान और हॉलीवुड कंपोजर हंस जिमर बना रहे हैं।

# किंग' के बाद किस फिल्म में में नजर आएंगे शाहरुख खान?





शाहरुख खान अगला प्रोजेक्ट फराह खान के साथ करेंगे। आइए जानते हैं वह किस फिल्म पर काम करेंगे और इसमें उनका क्या किरदार होगा? शाहरुख खान इन दिनों फिल्म 'किंग' की शूटिंग में बिजी हैं। खबरें हैं कि वह जल्द ही फराह खान के साथ एक नए प्रोजेक्ट पर काम करने वाले हैं। खबर यह भी है कि फराह खान 'मैं हूं ना 2' की स्क्रिप्ट पर काम कर रही हैं। पिंकविला के मुताबिक 'किंग' के बाद शाहरुख खान की अगली 'बड़ी फिल्ममैं हूं ना 2' हो सकती फिल्म को लेकर शाहरुख और फराह के बीच बात चल रही है।अगर यह खबर सही है तो दो दशकों के बाद 'मैं हूं ना' का सीक्वल 'मैं हूं ना 2' बनेगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फराह खान ने शाहरुख खान के लिए डबल -रोल तय किया है। किरदारों में नजर आएंगे।

# बांधकर रखती है 'वध 2', अभिनय सबसे मजबूत पक्ष




कुछ फिल्में ऐसी होती हैं जिनमें शुरुआत से ही देखते हुए हमें लगता है कि हम जानते हैं कि आगे क्या होगा? पर अंत में वैसा होता नहीं। 'वध 2' कुछ ऐसी ही फिल्म है।संजय मिश्रा, नीना गुप्ता, कुमुद मिश्रा और शिल्पा शुक्ला जैसे दमदार अभिनेताओं से सजी यह फिल्म अभिनय के मामले में कहीं भी पीछे नहीं रहती। इसकी कहानी आपको पूरे समय बांधे रखती है। जसपाल सिंह संधू का कसा हुआ निर्देशन इसे और तगड़ा बनाता है। फिल्म में प्यार, हवस, बदला, क्रोध और चुप्पी सब कुछ है।फिल्म की शुरुआत 1994 से होती है जहां मंजू देवी (नीना गुप्ता) को डबल मर्डर के इल्जाम में 28 साल की सजा सुनाई जाती है। 28 साल से मंजू जिस जेल में बंद हैं उसी जेल का गार्ड शंभुनाथ मिश्रा (संजय मिश्रा) उससे प्यार करता है। शंभु जेल की सब्जियां चुराकर बाहर बेचता है और मंजू को जो भी मदद चाहिए होती है वो उसे उपलब्ध कराता है।इसी बीच प्रकाश सिंह (कुमुद मिश्रा) को जेल का नया अधीक्षक नियुक्त किया जाता है। कि प्रकाश, केशव की पिटाई कर देता है जिसके बाद केशव जेल से गायब हो जाता है।

# क्यों टल गई 'पति पत्नी और वो दो' की रिलीज डेट? मेकर्स ने बताई बड़ी वजह



2025 में आई हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'थामा' से सबका दिल जीतने वाले एक्टर आयुष्मान खुराना अब नई ड्रामा मूवी में नजर आने वाले हैं। आयुष्मान खुराना 'पति, पत्नी और वो दो' फिल्म में लीड रोल में नजर आएंगे। लेकिन मूवी की रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया गया है।आयुष्मान खुराना ने अपने बॉलीवुड करियर में कई हिट फिल्में की हैं। इन फिल्मों में उन्होंने अलग-अलग किरदार निभाए हैं। पिछले साल रिलीज हुई 'थामा' से भी एक्टर ने लोगों का दिल जीता। अब आयुष्मान ड्रामा, कॉमेडी और रोमांस से भरी मूवी के साथ बड़े पर्दे पर दिखाई देने वाले हैं। इस फिल्म का नाम है 'पति, पत्नी और वो दो।' यह फिल्म 2019 में आई 'पति, पत्नी और वो' का सीक्वल है, जिसमें कार्तिक आर्यन, अनन्या पांडे और भूमि पेडनेकर अहम किरदार में थे।बॉलीवुड हंगामा के मुताबिक, 'पति, पत्नी और वो दो' पहले 4 मार्च को रिलीज होने वाली थी। यह 4 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज नहीं होगी। अब इसकी रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया गया है। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि मूवी का पोस्ट-प्रोडक्शन अभी तक नहीं हुआ है। इसके अलावा इसका एक गाना शूट होना बाकी है



2025 में आई हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'थामा' से सबका दिल जीतने वाले एक्टर आयुष्मान खुराना अब नई ड्रामा मूवी में नजर आने वाले हैं। आयुष्मान खुराना 'पति, पत्नी और वो दो' फिल्म में लीड रोल में नजर आएंगे। लेकिन मूवी की रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया गया है। मेकर्स का कहना है कि उन्होंने बहुत अच्छी मूवी बनाई है और वे जल्दबाजी में कुछ खराब नहीं करना चाहते। वे चाहते हैं कि वे सभी काम पूरे करने के बाद ही मूवी को रिलीज करें। ताकि लोगों के एंटरटेनमेंट में कोई कमी न हो। इसलिए उन्होंने मूवी की रिलीज डेट टाल दी है। जल्द ही मूवी की नई रिलीज डेट का खुलासा किया जाएगा।'पति, पत्नी और वो दो' का निर्देशन मुदस्सर अजीज ने किया है। मूवी आपको प्रजापति पांडे की दुनिया में लेकर जाएगी। इस कहानी में आपको ड्रामा, कॉमेडी और रोमांस का तड़का देखने को मिलेगा। इस फिल्म को भूषण कुमार, रेणु रवि चोपड़ा ने प्रोड्यूस किया है।2019 में मुदस्सर अजीज ने 'पति पत्नी और वो' फिल्म बनाई थी। इसने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया था और 86.89 करोड़ रुपये की कमाई की थी। की सफलता के बाद अब फैंस को 'पति, पत्नी और वो दो' मूवी से भी काफी उम्मीदें हैं।

## RBI MPC: 2026 की पहली एमपीसी में नहीं बदला रेपो रेट

### आरबीआई गवर्नर बोले-भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन बेहतर



भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) की मौद्रिक नीति समिति (MPC) ने साल 2026 की पहली बैठक में रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं करने का फैसला किया है। इसके साथ ही रेपो रेट मौजूदा स्तर पर बरकरार रखा गया है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि मौजूदा वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन अपेक्षाकृत बेहतर बना हुआ है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि महंगाई पर काबू और आर्थिक वृद्धि के बीच संतुलन बनाए रखना प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि खुदरा महंगाई में धीरे-धीरे नरमी के संकेत मिल रहे हैं, जबकि घरेलू मांग मजबूत बनी हुई है। इसी को ध्यान में रखते हुए एमपीसी ने फिलहाल ब्याज दरों में बदलाव न करने का निर्णय लिया है। गवर्नर ने आगे कहा कि आरबीआई आर्थिक आंकड़ों और वैश्विक हालात पर लगातार नजर बनाए हुए है और जरूरत पड़ने पर नीतिगत रुख में बदलाव किया जा सकता है। उन्होंने भरोसा जताया कि भारत की आर्थिक बुनियाद मजबूत है और आने वाले महीनों में विकास की रफ्तार को बनाए रखा जाएगा।

## India-China Trade: भारत-चीन के संबंधों में सुधार

### दोनों देशों के बीच व्यापार पहुंचा 155.6 अरब डॉलर



भारत और चीन के बीच द्विपक्षीय संबंधों में धीरे-धीरे सुधार देखने को मिल रहा है, जिसका असर दोनों देशों के व्यापार पर भी साफ नजर आ रहा है। ताजा आंकड़ों के अनुसार भारत-चीन के बीच व्यापार बढ़कर 155.6 अरब डॉलर तक पहुंच गया है, जो बीते वर्षों की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है। विशेषज्ञों के मुताबिक कूटनीतिक स्तर पर संवाद बढ़ने, सीमा से जुड़े तनाव में कमी और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला की जरूरतों के चलते व्यापारिक गतिविधियों में तेजी आई है। भारत जहां चीन से इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी और कच्चे माल का आयात करता है, वहीं चीन को भारत से फार्मा उत्पाद, कृषि सामग्री और केमिकल्स का निर्यात किया जा रहा है। जानकारों का मानना है कि आने वाले समय में यदि राजनीतिक और कूटनीतिक स्तर पर स्थिरता बनी रहती है, तो भारत-चीन व्यापार में और विस्तार संभव है।

## आरबीआई की एमपीसी बैठक आज से शुरू

### किफायती हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों का घटेगा एयूएम



भारतीय रिज़र्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय बैठक आज से शुरू हो गई है। इस बैठक में महंगाई, आर्थिक वृद्धि और ब्याज दरों को लेकर अहम फैसले लिए जा सकते हैं, जिन पर देश की अर्थव्यवस्था और बाजार की दिशा काफी हद तक निर्भर करेगी। जानकारों के अनुसार महंगाई के ताजा आंकड़ों और वैश्विक आर्थिक हालात को देखते हुए इस बार ब्याज दरों में किसी बड़े बदलाव की संभावना कम जताई जा रही है। हालांकि, एमपीसी के रुख और भविष्य के संकेतों पर निवेशकों और उद्योग जगत की खास नजर बनी हुई है। इसी बीच किफायती हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों (Affordable Housing Finance Companies) को लेकर चिंता बढ़ी है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि ब्याज दरें ऊंचे स्तर पर बनी रहती हैं, तो किफायती आवास क्षेत्र में मांग प्रभावित हो सकती है। ऐसे में आरबीआई के फैसले और संकेत हाउसिंग सेक्टर के लिए आने वाले दिनों में बेहद अहम साबित होंगे।

## Agricultural Growth: कृषि क्षेत्र की सकल मूल्य वर्धित 10.4% बढ़ी

### अन्न उत्पादन में 7.65% की रिकॉर्ड वृद्धि



देश के कृषि क्षेत्र से जुड़े ताजा आंकड़े उत्साहजनक संकेत दे रहे हैं। कृषि क्षेत्र की सकल मूल्य वर्धित (GVA) में 10.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था के मजबूत होने का संकेत मानी जा रही है। इस बढ़त से किसानों की आय और कृषि आधारित गतिविधियों को भी गति मिलने की उम्मीद है। इसके साथ ही अन्न उत्पादन में 7.65 प्रतिशत की रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई है। बेहतर मानसून, उन्नत बीजों के उपयोग और सरकारी योजनाओं के प्रभाव से फसलों की पैदावार में उल्लेखनीय इजाफा हुआ है, जिससे खाद्य सुरक्षा को मजबूती मिली है। विशेषज्ञों के मुताबिक कृषि क्षेत्र में यह तेजी ग्रामीण मांग को बढ़ावा देगी, जिसका सकारात्मक असर एफएमसीजी, ट्रैक्टर, उर्वरक और कृषि उपकरणों से जुड़े उद्योगों पर भी देखने को मिल सकता है। इससे समग्र आर्थिक विकास को सहारा मिलने की संभावना है। सरकार का कहना है कि किसानों को तकनीक, सिंचाई और बाजार से जोड़ने के प्रयास लगातार जारी हैं।

## Gold Silver Price: सर्राफा बाजार में हाहाकार

### चांदी ₹14000 तक टूटी, सोना ₹1500 सस्ता



शुक्रवार को सर्राफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट का दौर जारी रहा। शुरुआती कारोबार में सोना करीब ₹1,500 प्रति 10 ग्राम सस्ता होकर लगभग ₹1.50 लाख के स्तर पर आ गया, जबकि चांदी में भारी गिरावट दर्ज की गई और इसके भाव करीब ₹14,000 प्रति किलोग्राम टूट गए। बाजार सूत्रों के मुताबिक, सुबह के सत्र में चांदी की कीमत घटकर करीब ₹2.33 लाख से ₹2.37 लाख प्रति किलो के दायरे में कारोबार करती दिखी। वहीं, पिछले कारोबारी सत्र में भी सर्राफा बाजार में तेज गिरावट देखने को मिली थी, जिससे निवेशकों और ज्वेलरी कारोबारियों में सतर्कता बढ़ गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में मजबूत डॉलर और अमेरिका-चीन व्यापार तनाव में नरमी के संकेतों के चलते कीमती धातुओं पर दबाव बना हुआ है। मजबूत डॉलर के कारण सोना अन्य मुद्राओं में महंगा हो जाता है, जिससे वैश्विक मांग प्रभावित होती है और घरेलू बाजार में भी कीमतों पर असर पड़ता है।

## India-US Trade Deal

### चीन-पाक के मुकाबले कम टैरिफ, भारत को अमेरिकी बाजार में बड़ी बढ़त




भारत और अमेरिका के बीच हुए नए व्यापार समझौते से भारत को वैश्विक व्यापार में महत्वपूर्ण बढ़त मिलने की उम्मीद है। इस समझौते के तहत अमेरिकी बाजार में भारतीय उत्पादों पर लगने वाला टैरिफ चीन और पाकिस्तान की तुलना में कम हो गया है, जिससे भारत की प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति मजबूत हुई है। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे भारतीय निर्यात को बढ़ावा मिलेगा और घरेलू उद्योगों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई संभावनाएं मिलेंगी। समझौते के अनुसार, अमेरिका ने भारतीय वस्तुओं पर पारस्परिक शुल्क को मौजूदा 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने पर सहमति जताई है। सरकार के सूत्रों के अनुसार, यह समझौता 'मेक इन इंडिया' और निर्यात आधारित विकास रणनीति के लिए भी अहम माना जा रहा है। इससे न केवल विदेशी निवेश को बढ़ावा मिलने की संभावना है, बल्कि रोजगार सृजन और घरेलू उत्पादन को भी मजबूती मिल सकती है।

## Budget 2026 के बाद बाजार धड़ाम

### सेंसेक्स 1547 अंक टूटा, निफ्टी भी भारी गिरावट के साथ बंद



बजट 2026 के एलानों के बाद शेयर बाजार में जोरदार बिकवाली देखने को मिली और घरेलू बाजार भारी गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स करीब 1,547 अंकों की बड़ी गिरावट के साथ क्लोज हुआ, जबकि निफ्टी भी कमजोर होकर नीचे बंद हुआ। बजट के बाद निवेशकों की सतर्कता और मुनाफावसूली के चलते बाजार पर दबाव बना रहा। बाजार विश्लेषकों के अनुसार, कुछ सेक्टर्स में अपेक्षा से कमजोर घोषणाओं और वैश्विक संकेतों के असर से आईटी, बैंकिंग, मेटल और ऑटो शेयरों में बिकवाली देखने को मिली। बड़े शेयरों में गिरावट के चलते सेंसेक्स और निफ्टी दोनों पर दबाव बना रहा। बड़े शेयरों में गिरावट के चलते सेंसेक्स और निफ्टी दोनों पर दबाव बना रहा।विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले सत्रों में बाजार की दिशा वैश्विक बाजारों के रुख, रुपये की चाल और बजट से जुड़ी नीतियों पर निवेशकों की प्रतिक्रिया पर निर्भर करेगी। फिलहाल बजट के बाद बाजार में अस्थिरता बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं।

## Biz Updates: 40 फीसदी गिग कर्मचारी की कमाई

### 15 हजार से कम, कौशल विकास से रोजगार बढ़ाने की जरूरत



देश के करीब 40 फीसदी गिग (अस्थायी) कर्मचारी हर महीने 15,000 रुपये से भी कम कमाते हैं। यह आंकड़ा बताता है कि नियमित एवं अस्थायी रोजगार के बीच कमाई के मोर्चे पर अब भी एक बड़ी खाई है, जिसे पाटने के लिए उचित मजदूरी सुनिश्चित करने की जरूरत है। साथ ही, 1.20 करोड़ से अधिक गिग कर्मचारियों के वेतन में सुधार के लिए नीतिगत हस्तक्षेप की आवश्यकता है। जोमैटो संस्थापक दीपिंदर गोयल ने हाल ही में कहा था कि उनके प्लेटफॉर्म पर डिलीवरी पार्टनर दिन में 8-10 घंटे और सप्ताह में छह दिन काम कर हर माह रुपये कमा सकते हैं। लेकिन, आर्थिक समीक्षा में इससे जुड़ी एक अलग ही सच्चाई सामने आई है। आर्थिक समीक्षा में नियमित एवं अस्थायी रोजगार के बीच कमाई के अंतर को कम करने के लिए प्रति घंटा या प्रति काम के हिसाब से न्यूनतम कमाई तय करने का सुझाव दिया गया है, जिसमें वेटिंग अवधि का मुआवजा भी शामिल हो।

## Sport Update: FIH प्रो लीग के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम घोषित

# धाविका पूजा डोप टेस्ट नहीं देने के कारण निलंबित



भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने एक विज्ञप्ति में कहा, 'टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। हमारे पास रोशन कुजूर और मनमीत सिंह जैसे युवा हैं जबकि सीनियर खिलाड़ी भी टीम में हैं। हॉकी इंडिया ने राउरकेला के बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में दस से 15 फरवरी तक होने वाले एफआईएच प्रो लीग के पहले चरण के लिये 24 सदस्यीय भारतीय पुरूष टीम की घोषणा की। हॉकी इंडिया ने पिछले महीने 33 संभावित खिलाड़ियों की सूची जारी की थी जिसे अब घटाकर 24 कर दिया गया है। इस चरण में भारत के अलावा बेल्जियम और अर्जेंटीना की टीमें भाग लेंगी। भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने एक विज्ञप्ति में कहा, 'टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। हमारे पास रोशन कुजूर और मनमीत सिंह जैसे युवा हैं जबकि सीनियर खिलाड़ी भी टीम में हैं। यह संतुलन काफी जरूरी है। अर्जेंटीना और बेल्जियम बेहतरीन टीमें हैं और हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने उतरेंगे।' 24 फरवरी को स्पेन से और 22 तथा 25 फरवरी को आस्ट्रेलिया से खेलना है । लीग का यूरोपीय चरण जून में खेला जायेगा। भारत की लंबी दूरी की धाविका पूजा आत्माराम को डोप टेस्ट से बचने के कारण एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) ने अस्थायी तौर पर निलंबित कर दिया है। पांच हजार और 10000 मीटर में भाग लेने वाली राजस्थान की पूजा 2024 में इंडियन ग्रां प्री 2 में तीसरे स्थान पर रही थी। पिछले साल लखनऊ में राष्ट्रीय क्रॉसकंट्री चैम्पियनशिप में वह 25वें स्थान पर रही। एआईयू ने एक संक्षिप्त बयान में कहा, 'एआईयू ने भारत की पूजा आत्माराम को नमूना देने से बचने, मना करने या नहीं देने के कारण अस्थायी तौर पर निलंबित कर दिया है । आरोप का नोटिस जारी कर दिया गया है।' पूजा को विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी की आचार संहिता की धारा 2.3 के उल्लंघन के कारण निलंबित किया गया है।

# थाईलैंड से हारकर भी भारत BATC के क्वार्टर फाइनल में



भारत की स्टार भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने राष्ट्रीय चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया और स्वर्ण पदक जीता। इस दौरान उन्होंने तीन राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किए। ओलंपिक रजत पदक विजेता मीराबाई चानू ने बुधवार को राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप में महिलाओं के 48 किलोग्राम वर्ग का खिताब जीतते हुए अपने ही तीन राष्ट्रीय रिकॉर्ड बेहतर किए। कई बार की विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता चानू ने कुल 205 किलोग्राम (स्नैच में 89 किलोग्राम, क्लीन एंव जर्क में 116 किलोग्राम) वजन उठाया जिससे उन्होंने स्नैच, क्लीन एंव जर्क और कुल प्रयास में नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाए। उन्होंने 49 किलोग्राम वर्ग में 2020 राष्ट्रीय चैंपियनशिप में बनाए गए पिछले व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ स्नैच रिकॉर्ड 88 किलोग्राम से बेहतर किया। पिछले कुछ साल में मणिपुर की इस छोटी कद की भारोत्तोलक ने बार-बार 90 किग्रा की बाधा को पार करने की कोशिश की है और बहुत करीब आकर चूक गईं। बुधवार को भी उन्होंने अंतिम प्रयास में 91 किलोग्राम उठाने की कोशिश की लेकिन संतुलन नहीं बना पाईं। क्लीन एंव जर्क में भी चानू ने 112 और 116 किलोग्राम का वजन उठाया लेकिन आखिरी कोशिश में 120 किलोग्राम को नहीं उठा पाईं। मालूम हो कि चानू ने 2021 एशियाई चैंपियनशिप में क्लीन एंव जर्क में 119 किलोग्राम से विश्व रिकॉर्ड बनाया था। चानू ने स्वर्ण पदक जीतने के बाद कहा, बहुत खुश हूं। इस प्रदर्शन से मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है। पहले मैं 49 किलोग्राम वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रही थी, 48 किलोग्राम वर्ग में यह नतीजा हासिल करना बहुत बड़ी बात है। मुझे उम्मीद है कि अगली प्रतियोगिता में मैं 90 किलोग्राम का आंकड़ा पार कर लूंगी। आज भी मैंने कोशिश की थी, लेकिन मेरी ठीक से ट्रेनिंग नहीं हुई थी, इसलिए मैं ऐसा नहीं कर पाई। लेकिन एक बार जब ट्रेनिंग पूरी रफ्तार से शुरू हो जाएगी तो मुझे यकीन है कि मैं 90 किलोग्राम वजन उठा लूंगी। भारतीय भारोत्तोलन की स्टार खिलाड़ी मीराबाई चानू ने एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता साबित करते हुए नेशनल भारोत्तोलन चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। मीराबाई ने प्रतियोगिता के दौरान तीन राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। महिला वर्ग में उतरते हुए मीराबाई चानू ने स्नैच, क्लीन एंड जर्क और कुल भार—तीनों श्रेणियों में।

# आईसीसी चेयरमैन जय शाह से मिले फीफा अध्यक्ष गियानी इनफैनटिनो

आईसीसी चेयरमैन जय शाह और फीफा अध्यक्ष गियानी इनफैनटिनो की यह मुलाकात सिर्फ एक तस्वीर तक सीमित नहीं है, बल्कि यह वैश्विक खेल सहयोग का मजबूत संकेत है। एक ही साल में टी20 वर्ल्ड कप और फीफा वर्ल्ड कप जैसे बड़े आयोजनों के बीच यह संदेश साफ है, खेल सिर्फ प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि दुनिया को जोड़ने का सबसे बड़ा माध्यम भी है। वैश्विक खेल जगत से जुड़ी एक अहम तस्वीर इन दिनों सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बनी हुई है। फीफा अध्यक्ष गियानी इनफैनटिनो ने इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) के चेयरमैन जय शाह से मुलाकात की और इसकी तस्वीर साझा करते हुए अपनी खुशी जाहिर की। क्रिकेट और फुटबॉल, दुनिया के दो सबसे लोकप्रिय खेलों के शीर्ष प्रशासकों की यह मुलाकात कई मायनों में खास मानी जा रही है। फीफा अध्यक्ष गियानी इनफैनटिनो ने बुधवार देर रात इंस्टाग्राम पर तस्वीर साझा करते हुए जय शाह की जमकर तारीफ की। उन्होंने अपने कैप्शन में लिखा, 'आईसीसी चेयरमैन जय शाह से मिलना मेरे लिए बहुत खुशी की बात थी। क्रिकेट जैसे खूबसूरत खेल को आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने जो शानदार काम किया है, वह काबिले-तारीफ है। मैं उन्हें और पूरी क्रिकेट बिरादरी को शुभकामनाएं देता हूं, क्योंकि क्रिकेट को ओलंपिक खेलों में दोबारा शामिल किया जा रहा है। मैं भविष्य में साथ काम करने और सहयोग को लेकर उत्साहित हूं।



## Shooting: भारत एशियाई ओलंपिक क्वालिफाइंग निशानेबाजी चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा, अगले साल होगा टूर्नामेंट

एनआरएआई के महासचिव पवनकुमार ने कहा, 'यह ऐतिहासिक अवसर होगा जबकि भारत दो ओलंपिक कोटा प्रतियोगिताओं की मेजबानी करेगा और हमें इस पर बहुत गर्व है। हम नई दिल्ली में करणी सिंह रेंज में आईएसएसएफ विश्व कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन (21-30 अप्रैल) और राइफल एवं पिस्टल में एशियाई चैंपियनशिप की मेजबानी करेंगे। भारत अगले साल दिल्ली में एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप (राइफल/पिस्टल) की मेजबानी करेगा, जिसमें 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए आठ कोटा स्थान दांव पर लगे होंगे। यह भारतीय निशानेबाजी के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी क्योंकि वह पहले ही एक अन्य ओलंपिक क्वालीफायर की मेजबानी हासिल कर चुका है। एशियाई प्रतियोगिता में ओलंपिक के लिए आठ स्थान अगले वर्ष 21 से 30 अप्रैल तक दिल्ली में होने वाले विश्व कप (राइफल/पिस्टल/शॉटगन) में उपलब्ध 12 कोटा स्थानों के अतिरिक्त होंगे। एशियाई निशानेबाजी परिसंघ ने भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के अध्यक्ष कलिकेश सिंह देव को लिखे पत्र में इसकी पुष्टि की। एनआरएआई ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली में होगा और इसकी तिथियों को जल्द ही अंतिम रूप दिया जाएगा। एशियाई निशानेबाजी परिसंघ ने पत्र में कहा, 'हम भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ को एशियाई राइफल/पिस्टल चैंपियनशिप 2027 की मेजबानी हासिल करने पर बधाई देते हैं, जहां लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए आठ कोटा स्थान वितरित किए जाएंगे।



## Kim Kardashian-Lewis Hamilton Net Worth:

### कर्दाशियन के पास हैमिल्टन से 27 गुना ज्यादा संपत्ति, अंतर चौंका देगा

फॉर्मूला-1 के सात बार के चैंपियन लुईस हैमिल्टन का नाम इससे पहले कई चर्चित हस्तियों के साथ जुड़ चुका है। अब किम कर्दाशियन के साथ उनकी हालिया डेटिंग की अटकलों ने फैंस की उत्सुकता और बढ़ा दी है। आइए दोनों की कुल संपत्ति के बारे में जानते हैं। रियलिटी टीवी स्टार और बिजनेसवुमन किम कर्दाशियन और फॉर्मूला-1 के दिग्गज ड्राइवर और सात बार के चैंपियन लुईस हैमिल्टन की डेटिंग की अटकलें चर्चा में हैं। ऐसा बताया जा रहा है कि दोनों चोरी छिपे साथ में समय बिता रहे हैं। इंग्लैंड में क्वालिटी टाइम बिताने के बाद दोनों पेरिस में एक ही होटल में जाते दिखे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों ने पेरिस के लग्जरी सुइट में साथ में समय बिताया। दोनों की संपत्ति में जमीन-आसमान का अंतर है। फोर्ब्स के आंकड़ों के मुताबिक, किम कर्दाशियन की संपत्ति लुई हैमिल्टन से 27 गुना ज्यादा है। दोनों की संपत्ति में अंतर करीब 16,744 करोड़ के आसपास है। इसी कड़ी में आइए जानते हैं कि दोनों के पास कितनी संपत्ति है और किस तरह का जीवन जीते हैं। 41 वर्षीय लुईस हैमिल्टन फॉर्मूला वन के दिग्गज रेसर हैं। रेसिंग के अलावा फैशन और सोशल एक्टिविज्म की दुनिया में भी उनका खासा प्रभाव है। उनके योगदान को सम्मान देते हुए उन्हें 2021 में नाइटहुड से नवाजा गया था। लुईस हैमिल्टन का नाम इससे पहले कई चर्चित हस्तियों के साथ जुड़ चुका है, जिनमें सिंगर निकोल शेर्जिंगर, पॉप स्टार शकीरा और एक्ट्रेस सोफिया वर्गारा शामिल हैं। अब किम कर्दाशियन के साथ उनकी हालिया मौजूदगी ने फैंस की उत्सुकता और बढ़ा दी है। लुईस हैमिल्टन ने 2020 में फॉर्मूला-1 ड्राइवर्स टाइटल जीतकर महान ड्राइवर माइकल शूमाकर के रिकॉर्ड सात वर्ल्ड चैंपियनशिप के रिकॉर्ड की बराबरी की थी। इसके बाद 2021 में वह बेहद करीबी अंतर से एक और खिताब जीतने और रिकॉर्ड बनाने से चूक गए। फरवरी 2024 में हैमिल्टन ने रेसिंग जगत को चौंका दिया, जब उन्होंने सीजन खत्म होने के बाद फेरारी से जुड़ने की घोषणा की। यह फैसला इतना गोपनीय रखा गया था कि रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्होंने इसकी जानकारी अपने माता-पिता को भी उसी दिन दी, जिस दिन यह खबर सार्वजनिक हुई। हैमिल्टन फॉर्मूला-1 के सबसे ज्यादा मार्केटेबल एथलीट्स में गिने जाते हैं और उन्होंने रेस ट्रैक से बाहर भी अपनी मजबूत पहचान बनाई है। 2022 में उन्होंने NFL टीम डेनवर ब्रॉन्कोज में निवेश किया था, जो उनके कारोबार के विस्तार को दर्शाता है।





# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612
















